बगोदर में पांच लाख की नकली शराब जब्त, दो गिरफ्तार

Publish Date:Fri, 06 Apr 2018 08:46 PM (IST)

गिरिडीह : बगोदर-सरिया एसडीपीओ दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बगोदर

गिरिडीह : बगोदर-सरिया एसडीपीओ दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बगोदर पुलिस ने गुरुवार रात राष्ट्रीय राजमार्ग-2 में झरी पुल के पास एक बिना नंबर की पिकअप वैन से नकली रॉयल स्टेग विदेशी शराब जब्त की। साथ ही वैन के चालक व उप चालक को गिरफ्तार कर लिया।

एसडीपीओ ने शुक्रवार को बगोदर थाना में प्रेसवार्ता में बताया कि सूचना मिली थी कि धनबाद से एक पिकअप वैन से नकली विदेशी शराब को बिहार ले जाया जा रहा है। इसकी जानकारी बगोदर पुलिस को दी। बगोदर थाना प्रभारी राजीव कुमार ने एक टीम गठित कर धनबाद की ओर से आ रहे छोटे वाहनों की जांच शुरू की। जांच के क्रम में पुलिस ने एक बिना नंबर की पिकअप वैन को रोककर उसकी तलाशी लेनी शुरू की। इस दौरान सूखा नारियल से भरा बोरा लोड पाया गया, जब उसे हटाकर जांच की तो उसमें रॉयल स्टेग विदेशी नकली शराब 375 एमएल की 24 पेटी तथा 180 एमएल 29 पेटी लदी थी। जब्त कुल 56 पेटी शराब की कीमत 5 लाख रुपये है। मौके पर से चालक ¨पटू कुमार पटेल एवं उप चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के क्रम में दोनों ने बताया कि उक्त शराब बरवाअड्डा धनबाद से चौपारण ले जाई रही थी। वहां से शराब को बिहार ले जाया जाता। दोनों ने यह भी बताया कि वाहन में गाड़ी मालिक लक्ष्मनियां के संजय कुमार रविदास एवं अमित साव शराब लोड कराई थी। एसडीपीओ ने बताया कि जब्त शराब नकली और स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। इसके सेवन से मौत भी हो सकती है।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/giridih-sarab-baramad-17786553.html